# अर्जेंटीना के साथ लिथियम-डील

**[स्रोत: द हिंदू बिज़िनेस लाइन](#)**

भारत सरकार के **खनन मंत्रालय** ने राज्य के स्वामित्व वाली **खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL)** के माध्यम से **पाँच-विषम** **लिथियम ब्लॉकों** के संभावित अधिग्रहण और विकास के लिये **अर्जेंटीना के खनिक कैमयेन** (**CAMYEN**) के साथ एक मसौदा अन्वेषण तथा विकास समझौते में प्रवेश किया है।

- कंपनी ने खनिज़ के "संभावित अन्वेषण, निष्कर्षण, प्रसंस्करण और व्यावसायीकरण" के लिये **चिली के खनिक ENAMI के साथ एक गैर-प्रकटीकरण समझौता** भी किया है।


## लिथियम क्या है?

- **परिचय:**
  - लिथियम एक क्षार खनिज है, जिसे '**श्वेत स्वर्ण**' भी कहा जाता है। यह नरम, चाँदी जैसी सफेद धातु है, जो आवर्त सारणी की सबसे हल्की धातु है।
- **प्रमुख गुण:**
  - उच्च अभिक्रियाशीलता
  - निम्न घनत्व
  - उत्कृष्ट विद्युत रासायनिक गुण
- **घटना एवं शीर्ष निर्माता (Occurrence and Top Producers):**
  - लिथियम प्राकृतिक रूप से विभिन्न खनिजों में पाया जाता है, जिनमें **स्पोडुमीन, पेटालाइट** और **लेपिडोलाइट** शामिल हैं।
    - इसे इन खनिजों से निकाला जाता है और लिथियम धातु या इसके यौगिकों में परिष्कृत किया जाता है।
  - लिथियम के शीर्ष उत्पादक देश **ऑस्ट्रेलिया, चिली, चीन** और **अर्जेंटीना** हैं।
    - वर्ष 2022 में लिथियम खदान उत्पादन के मामले में **ऑस्ट्रेलिया** विश्व में अग्रणी था। **चिली** और **चीन** क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।
  - हाल ही में कैलिफोर्निया के **साल्टन सागर (US)** के नीचे एक विशाल लिथियम भंडार की खोज की गई, जिसमें अनुमानित **18 मिलियन टन लिथियम** है।




**नोट: अर्जेंटीना, चिली** और **बोलीविया** से बना लथियिम त्रिकोण– इसमें विश्व के ज्ञात लथियिम का लगभग आधा हिस्सा है।

- **अनुप्रयोग:**
  - **बैटरियाँ:** लथियिम स्मार्टफोन, लैपटॉप, इलेक्ट्रिक वाहन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग की जाने वाली **रिचार्जेबल बैटरी** का एक महत्त्वपूर्ण घटक है।
  - **काँच और मिट्टी के पात्र:** लथियिम यौगिकों का उपयोग **काँच और चीनी मिट्टी की चीज़ें को मज़बूत करने के लिये** किया जाता है, जिससे वे अधिक टिकाऊ तथा ऊष्मा-प्रतिरोधी बन जाते हैं।
  - **चिकित्सा (Medicine):** लथियिम का उपयोग **द्विध्रुवी विकार** के उपचार में मूड स्टेबलाइज़र के रूप में किया जाता है।
  - **स्नेहक(Lubricants):** लथियिम ग्रीस का उपयोग **उच्च दबाव और उच्च तापमान अनुप्रयोगों** में किया जाता है।
- **भारत में लथियिम:**
  - वर्ष 2023 में लथियिम खोजों में वृद्धि हुई:
    - **जम्मू-कश्मीर के रियासी ज़िले के सलाल-हैमाना क्षेत्र** में अनुमानित 5.9 मिलियन टन विशाल भंडार का पता चला।
    - **झारखंड** के कोडरमा तथा गिरिडीह क्षेत्रों में अतिरिक्त भंडार की खोज की गई है।
  - भारत ने दो लथियिम भंडार को नीलामी के लिये रखा है जिनमें से **एक जम्मू-कश्मीर में तथा दूसरा छत्तीसगढ़ में स्थित** है। **EV**, लथियिम-आयन बैटरी के विनिर्माण एवं अन्य ऊर्जा भंडारण समाधान जैसी श्रेणियों में इसकी अधिकांश घरेलू आवश्यकताएँ पूर्ण रूप से आयात के माध्यम से पूरी की जाती हैं। जिसका कुल आयात लगभग ₹24,000 करोड़ आँका गया है।




## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष प्रश्न

### प्रलिम्सि:

**प्रश्न1. निम्निलखिति धातु युग्मों में से कसि एक में क्रमशः सबसे हल्की धातु तथा सबसे भारी धातु है ? (2008)**

(a) लथियिम और पारा
(b) लथियिम और ऑस्मयिम
(c) एल्यूमनियिम और ऑस्मयिम

(d) एल्यूमिनियम और पारा

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/lithium-deal-with-argentina-1